हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 खाद संकट से निपटने के लिए प्रशासन की कवायद तेज, 23 तक ...



05 विवाद में घायल वृद्ध की मौत से गुस्साए लोगों ने शव रखकर जाम किया...



खबर संक्षेप

अग्निवीर भर्ती में उत्कृष्ट कार्य के लिए इंजी. गोविंद राय सम्मानित



सागर। इंदिरा गांधी शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सागर में 1 से 14 अक्टूबर तक आयोजित अग्निवीर सेना भर्ती प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य के लिए इंजी. गोविंद राय को सम्मानित किया गया। आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस ग्वालियर की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं अन्य सामग्री प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की गई। भर्ती प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने सेना में शामिल होकर देशसेवा का सपना लेकर हिस्सा लिया। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने में गोविंद राय ने जिम्मेदारी और समर्पण के साथ योगदान दिया। उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके कर्तव्य के प्रति समर्पण और युवाओं के भविष्य को दिशा देने वाली जिम्मेदारी के प्रति निष्ठा का प्रतीक है।

मालथौन में अस्थायी पटाखा दुकानों हेतु स्थल निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार एसडीएम मालथौन सुश्री मोना दांगी द्वारा मालथौन एवं बरोदियाकला में दीपावली पर्व पर लगने वाली अस्थायी पटाखा दुकानों हेतु स्थल का निरीक्षण विद्युत विभाग, नगर परिषद एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने निर्देश दिए कि अस्थायी पटाखा दुकानें आबादी से दूर खुले एवं सुरक्षित स्थान पर ही लगाई जाएं। दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए तथा प्रत्येक दुकान पर अग्निशमन यंत्र, बालू भरी बाल्टी एवं पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखी जाए। बिना लाइसेंस किसी भी दुकानदार को पटाखा विक्रय की अनुमति न दी जाए।

एसडीएम ने पटाखा थोक दुकानों का किया सघन निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर सागर एसडीएम (राजस्व) रोहित वर्मा ने राजस्व एवं पुलिस दल के साथ पटाखा गोदामों एवं थोक विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम सागर द्वारा वैरायटी पटाखा स्टोर, रमेश ताला थोक विक्रेता गोदाम एवं बनवारी लाल पटाखा स्टोर थोक विक्रेता की दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकान रजिस्टर, स्टॉक एवं लाइसेंस की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने, अग्निशमन यंत्र, बालू भरी बाल्टी एवं पानी की व्यवस्था रखने, बिना लाइसेंस विक्रय न करने तथा आबादी से बाहर निर्धारित खुले स्थान पर ही पटाखों की बिक्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार सागर शहर में खेल परिसर के बाजू वाले मैदान में पटाखा दुकानें लगाई जाएंगी।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन 23 नवम्बर तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

परियोजनाओं हेतु लंबित भू-अर्जन के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर मुआवजा वितरित करें

रबी सीजन में किसानों को सिंचाई हेतु अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें : कमिश्नर दिलीप कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग दिलीप कुमार की अध्यक्षता में कमिश्नर कार्यालय सभाकक्ष में संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संसाधन विभाग, म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी, ऊर्जा विकास निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के कार्यों की जिलेवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। कमिश्नर दिलीप कुमार ने कहा कि रबी सीजन में किसानों को सिंचाई हेतु अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए खराब ट्रांसफार्मरों की जानकारी मांगी एवं उन्हें तत्काल बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संभाग में पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर उपलब्ध रहें तथा संभाग की समस्त जिला पंचायतों में ट्रांसफार्मर की मॉनिटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। औसत विद्युत प्रवाह की जानकारी मांगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई हेतु थ्री-फेस अनवरत विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए। नवीन सब स्टेशन, फीडर एवं विस्तार लाइनों की समीक्षा कर कहा कि रबी सीजन को देखते हुए विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जल प्रदाय परियोजनाओं में गति लाने के निर्देश

कमिश्नर ने जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जलप्रदाय परियोजनाओं की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जल प्रदाय परियोजनाओं में गति लाई जाए तथा 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर हैंडओवर की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिन गांवों में जल प्रदाय परियोजना से जल नहीं पहुंच पा रहा है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए। मोटर पंप मरम्मत का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कर बंद पड़ी जल प्रदाय परियोजनाओं को शीघ्र शुरू किया। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की वजह से बंद जल परियोजनाओं की जानकारी मांगी तथा काम न करने वाले ठेकेदारों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित सिंचाई परियोजनाओं की जिलेवार समीक्षा की। सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण कार्य, जल की उपलब्धता एवं सिंचाई क्षमता की समीक्षा की। उन्होंने सिंचाई परियोजना के तहत लंबित भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि भू-अर्जन के प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत कर मुआवजा वितरित किया जाए तथा सिंचाई परियोजनाओं में लंबित भुगतान की सूची प्रस्तुत की जाए।

बैठक में ऊर्जा विकास निगम द्वारा संचालित कुसुम परियोजना, प्रधानमंत्री कृषक मित्र योजना एवं पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, सागर संभाग, मुख्य अभियंता, म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी, सागर संभाग, जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी, ऊर्जा विकास निगम, अधीक्षण यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सागर संभाग, महाप्रबंधक, जल निगम (समस्त), सागर संभाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

देवरी में अज्ञात कारणों के चलते दो दिवसों में 2 व्यक्तियों की मौत

बाजार के चबूतरे पर मिला अधेड़ का शव, हालत बिगड़ने पर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी थाना अंतर्गत विगत सोमवार एवं मंगलवार को दो पृथक पृथक स्थानों पर अज्ञात कारणों के चलते 2 व्यक्तियों की मौत के मामले सामने आये हैं, मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौपे गये हैं। मामले में प्रकरण संज्ञान में लेकर जांच की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत सोमवार सुबह थाना पुलिस द्वारा सूचना प्राप्त होने पर देवरी नगर के बस स्टेण्ड स्थित साप्ताहिक शुक्रवार बाजार प्रांगण में बने चबूतरे पर एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। जिसकी शिनाख्त पृथ्वी वार्ड निवासी मुरारी पिता नंदे पटैल 50 वर्ष के रूप में की गई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि मृतक अविवाहित था एवं मजदूरी करके अपना भरण पोषण करता था। मृतक को शराब पीने की लत थी। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराया गया था। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम में मृत्यु के कारण ज्ञात होने की बात कही गई है।

वहीं मंगलवार दोपहर में थाना अंतर्गत ग्राम ज्आप निवासी रतन पिता पृथ्वी सिंह गौड़ 29 वर्ष को तबियत बिगड़ने के चलते देवरी सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र लाया गया था जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित किया गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक एक पेट्रोल पंप पर कार्य करता था जहा हाथ में दर्द की शिकायत के बाद हालत बिगड़ने के चलते उसे चिकित्सालय ले जाया गया था। परंतु उस दौरान चिकित्सालय में कोई डॉक्टर मौजूद नही था बाद में चिकित्सक के आने पर उसका परीक्षण किया गया था जिसमें उसे मृत घोषित किया गया था।

मामले में पुलिस द्वारा सूचना प्राप्त होने के बाद मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है जिसमें मृत्यु के कारण ज्ञात होने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक ज्आप ग्राम का निवासी है उसके परिवार में पत्नि एवं 3 बच्चे है।



शिवसेना अखाड़ा प्रतियोगिता में श्रेष्ठ कला का प्रदर्शन करने वाले 8 अखाड़े चयनित

सागर। शिवसेना संगठन के तत्वावधान में म्युनिसिपल स्कूल के पास दशहरा चल समारोह पर श्री नवदुर्गा झांकी, अखाड़ा, धमाल पार्टी की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें श्रेष्ठ कला का प्रदर्शन करने वाले 8 अखाड़े, 10 काली कमेटी, 6 धमाल पार्टियां चयनित की गईं, जिन्हें शीघ्र ही पुरस्कृत किया जाएगा। अखाड़ा प्रतियोगिता रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होकर भोर तक चलती रही। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष दशहरा चल समारोह पर शिवसेना संगठन द्वारा अखाड़ा प्रतियोगिता आयोजित कर इन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। अखाड़ा बुंदेलखंड की कला संस्कृति है, जिसे राजकीय खेल का दर्जा मिलना चाहिए। चयनित अखाड़ों में श्री राम अखाड़ा बड़कुआ, मां शारदा व्यायामशाला विठ्ठलनगर, सत्यगुरु अखाड़ा राजीव नगर, बालाजी पवनसुत अखाड़ा धर्मश्री, श्री भीमशंकर अखाड़ा लच्छू तिराहा, वीर दल अखाड़ा, वीर भारत अखाड़ा, वीर अर्जुन अखाड़ा शामिल हैं। मंच पर सांसद लता वानखेड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, रिशांक तिवारी, जसवंत राठौर, प्रमोद उपाध्याय, गौ पीठाधीश्वर महंत पंडित विपिन बिहारी दास जी महाराज, कांग्रेस नेता राहुल चौबे, लालचंद मेठवानी, दीपक हसरेजा, ऐश्वर्य पाठक, कमल जैन होजरी सहित प्रबुद्धजनों का स्वागत किया गया। संचालन हेमराज आलू, विकास यादव ने किया। आभार जिला प्रमुख दीपक लोधी ने माना। प्रतियोगिता में शिवशंकर दुबे, नंदकिशोर नामदेव, अनूप पटेरिया, सचिन जैन, अक्षय गौतम, बसंत भदौरिया, अजित जैन, कमलेश तिवारी, मोनू जैन, गौरव बडकुल, अनुज तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिकों ने भाग लिया।

क्षेत्र में डीएपी की किल्लत से किसान परेशान पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने लिखा कलेक्टर को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी विधानसभा के देवरी एवं केसली विकासखंड में रवि सीजन को लेकर फसल की तैयारियों में जुटे किसानों को हो रही डीएपी खाद की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर खाद की उपलब्धता सुनिश्चत कराये जाने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में ऑनलाईन पोर्टल के सर्वर के व्यस्त होने एवं उसमें आ रही तकनीकी खामियों के कारण किसानों को हो रही परेशानियों को भी रेखांकित कर सुधार की अपील की है देवरी क्षेत्र में इन दिनो किसान रवि फसलों की बोबनी की तैयारियों में जुटे हुए है, क्षेत्र में सब्जी एवं मसाला फसलों का एक बड़ा रकबा होने के कारण डीएपी खाद की बढ़ती डिमांड और सीमित आपूर्ति भी किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। जिसके चलते किसानों में भारी नाराजगी व्याप्त है। मामले को लेकर क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं प्रदेश सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री हर्ष यादव ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर पर्याप्त डीएपी खाद उपलब्ध कराये जाने की मांग की है।

पत्र में कहा गया कि डीएपी खाद की भारी किल्लत के चलते किसान भाई परेशान हैं। वर्तमान में रबी सीजन की बुवाई एवं कृषि कार्य तेजी से चल रहे हैं। वहीं देवरी क्षेत्र में लहसुन, प्याज, टमाटर सहित विभिन्न उद्यानिकी फसलों की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, जिनके लिए समय पर खाद उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। पत्र में कहा गया कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं और ऑनलाइन पोर्टल पर बुकिंग करने के दौरान सर्वर की समस्या के कारण उन्हें बार-बार निराश होना पड़ रहा है। समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों के कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पत्र में सवाल उठाया गया कि जब अन्य क्षेत्रों में खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, तो देवरी विधानसभा क्षेत्र के किसानों को डीएपी खाद के लिए क्यों परेशान होना पड़ रहा है।

पत्र में मांग की गई कि देवरी एवं केसली विकासखंड में डीएपी खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाये एवं ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी समस्याओं का तत्काल निराकरण कर खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू किया जाये। ताकि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े और कृषि कार्यों में बाधा उत्पन्न न हो।

जिला स्तरीय कुश्ती (पुरूष) प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम विजेता

देवरी। म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के खेल कैलेण्डर अनुसार 22 अक्टूबर को जिला स्तरीय कुश्ती (पुरूष) प्रतियोगिता ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ एजुकेशन सागर द्वारा आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में ग्रीको रोमन स्टाईल कुश्ती में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी की टीम ओवरऑल विजेता रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. संतोष मिश्रा ने विद्यार्थियों एवं टीम मैनेजर डॉ. प्रभात सिंह ठाकुर और क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अभिषेक गोयल को बधाईयां प्रेषित कीं एवं विद्यार्थियों को अगले स्तर की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं।

खुरई विधानसभा क्षेत्र के 5 प्राथमिक शाला भवनों के निर्माण कार्य हेतु 91.25 लाख की स्वीकृति



सागर। खुरई विधानसभा क्षेत्र में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से राज्य शिक्षा केंद्र के समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत 5 नवीन प्राथमिक स्कूल भवनों के निर्माण हेतु 91.25 लाख की स्वीकृति जारी कर दी गई है। इनमें खुरई विकासखण्ड के दो तथा मालथौन विकासखण्ड के तीन नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य शामिल हैं। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय निर्माण हेतु 18.25 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। जिन प्राथमिक विद्यालयों के नवीन भवन निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं उनमें खुरई विकासखण्ड के प्राथमिक शाला जामुन खेड़ी तथा प्राथमिक शाला रेगुवां के भवन शामिल हैं। इनमें मालथौन विकासखण्ड की प्राथमिक शाला मगरा, प्राथमिक शाला रेंडोन रैयतवारी तथा प्राथमिक शाला लिधौरा के भवन निर्माण कार्य भी शामिल हैं।

गायत्री देवी चौबे हुईं पंचतत्वों में विलीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र चौबे की माताजी गायत्री देवी चौबे का गोपालगंज मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। बड़ी संख्या में अंतिम विदाई देने लोग अंतिम यात्रा में सम्मलित हुए।

श्रद्धांजलि सभा में शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, पूर्व सांसद आनंद अहिरवार, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे, प्रदीप पाठक आदि ने अपने विचारों से श्रीमति चौबे को श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे ने सभी को दो मिनिट का मौन रखवा कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा, आशीष ज्योतिषी, रामकुमार पचौरी, नगर निगम महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, पप्पू गुप्ता, विजय साहू, राजा सेन, सागर साहू, जगदीश यादव, जितेंद्र चौधरी, अवधेश तोमर, शैलेन्द्र तोमर, आनंद तोमर, संदीप सबलोक, मुकुल पुरोहित, रामजी दुबे, पंकज सिंघई, वीरू चौधरी, पार्षद शैलेन्द्र ठाकुर, सुदेश तिवारी, डॉ. रजनीश जैन, ब्रजेंद्र ठाकुर, गोविंद सरवैया, गोविंद राय, लल्ला यादव, विपिन सैनी, घनश्याम रैकवार आदि जन उपस्थित रहे।

'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

एसआईआर पर विपक्ष के भ्रामक प्रचार का जवाब देगी भाजपा, जनजागरण के लिए बनी व्यापक रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे देशव्यापी 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। जिलेभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को प्रभावी एवं व्यापक स्वरूप देने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श कर रणनीति तैयार की गई।

बैठक में 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की गई। साथ ही जिले में अभियान के सफल संचालन, संगठनात्मक समन्वय एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया। अभियान के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदाता सूची की शुद्धता, लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता और संवैधानिक प्रक्रियाओं की रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनजागरण किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिले में पदयात्राएं, प्रबुद्धजन गोष्ठियां, युवा एवं विद्यार्थी संवाद सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव और शुद्ध मतदाता सूची में निहित है। कांग्रेस द्वारा एसआईआर को लेकर फैलाए जा रहे कथित भ्रम का भाजपा तथ्यों के साथ जवाब देगी। लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता और जनविश्वास की रक्षा ही इस अभियान का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर निराधार सवाल उठाकर जनता के मन में अविश्वास पैदा करना उचित नहीं है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी के साथ प्रभावी बनाएं और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं।

सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि लोकतंत्र संविधान की मर्यादाओं से चलता है, भीड़तंत्र और राजनीतिक दबाव से नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी शक्तियां लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा कर देश में अराजकता और 'रिजीम चेंज' का वातावरण बनाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सत्ता परिवर्तन का एकमात्र संवैधानिक मार्ग जनता का जनादेश है, न कि हिंसा, अराजकता या राजनीतिक षड्यंत्र। मतदाता सूची की शुद्धता निष्पक्ष चुनाव की आधारशिला है। भाजपा इस अभियान के माध्यम से विपक्ष के आरोपों का तथ्यों के साथ जवाब देकर लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जनविश्वास को और मजबूत करेगी।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया है। इसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष चौबे को जिला संयोजक तथा जिला महामंत्री चैन सिंह ठाकुर, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, डॉ. विनोद पंथी, शैलेश केशरवानी एवं कविता लारिया को सहसंयोजक बनाया गया है। गठित टोली जिलेभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संचालन, समन्वय एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करेगी।



स्कूटी सवार घायल युवती को पूर्व जनपद अध्यक्ष ने चिकित्सालय पहुंचाया

देवरीकलां। गुरूवार सुबह लगभग 8 बजे देवरी नगर के मुख्य मार्ग पर सोनी पेट्रोल पंप के सामने सड़क दुर्घटना में घायल स्कूटी सवार युवती को पूर्व जनपद अध्यक्ष द्वारा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहा प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है, दुर्घटना के कारण सामने नही आ सके है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह लगभग 8 बजे देवरी नगर के सिविल लाईन इलाके में मुख्य मार्ग पर सोनी पेट्रोल पंप के सामने घायल अवस्था में पाया गया था। जिसके चेहरे पर चोट के निशान थे, उसे घायल एवं अचेत अवस्था में देखकर पूर्व जनपद अध्यक्ष सुश्री आंचल आठया ने आगे आकर उसे तत्परता दिखाते हुए देवरी सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पहुँचाय एवं उसके प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चत की। उनके इस मानवीय दृष्टिकोण की सभी प्रशांसा कर रहे है। घायल को गंभीर चोटों के चलते जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। घायल युवती की पहचान बोरिया निवासी निधि पिता बलराम शुक्ला के रूप में की गई है। युवती की हालत गंभीर होने के कारण दुर्घटना के कारण सामने नही आ सके है।

कलेक्टर ने सहकारी समिति का निरीक्षण कर खाद वितरण की जानी स्थिति

खाद संकट से निपटने के लिए प्रशासन की कवायद तेज, 23 तक आएगी दूसरी रैक

किसानों से समिति का सदस्य बनकर खाद और शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण सुविधा लेने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में किसानों को मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं। डीएपी की पहली रैक जिले में पहुंच चुकी है, जबकि दूसरी रैक 23 अक्टूबर तक आने की संभावना है। इसके साथ ही तीसरी रैक के लिए भी शासन से स्वीकृति मिल गई है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने बड़ागांव खुर्द सहकारी समिति का निरीक्षण कर खाद के स्टॉक और वितरण की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि जिले की सभी सहकारी समितियों में ऋणी किसानों को खाद उपलब्ध कराया गया है। बड़ागांव खुर्द सहकारी समिति में कुल 265 किसान हैं, जिनमें से 191 किसानों को खाद वितरित किया जा चुका है। इसके बावजूद समिति में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि डीएपी की आगामी रैक आने से जिले में खाद की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।





समिति के सदस्य बने किसान, मिलेगा खाद और ऋण का लाभ

कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसानों से सहकारी समितियों की सदस्यता ग्रहण करने की अपील करते हुए कहा कि समिति के माध्यम से खाद प्राप्त करने के साथ ही किसान नियमानुसार शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधा का लाभ भी ले सकते हैं। नए सदस्य बनने के लिए किसानों को आधार कार्ड, समग्र आईडी, पैन कार्ड, भूमि संबंधी दस्तावेज और बैंक खाते का विवरण संबंधित शाखा प्रबंधक को उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति का सदस्य बनने और भूमि बंधक संबंधी प्रक्रिया में होने वाला खर्च लगभग उतना ही हो सकता है, जितना दूर स्थित मार्कफेड गोदाम से खाद लाने में परिवहन पर खर्च होता है। ऐसे में समिति का सदस्य बनने से किसानों को नजदीकी केंद्र से खाद प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी और परिवहन की परेशानी के साथ अतिरिक्त खर्च से भी बचा जा सकेगा। कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसानों से सहकारी समितियों से जुड़ने और उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। जिला प्रशासन का कहना है कि किसानों की जरूरत के अनुसार खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

पोर्टल पर खाद दिखने की प्रक्रिया भी बताई

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि रेलवे रैक से खाद पहुंचने के बाद उसे उतारकर संबंधित गोदामों और सहकारी संस्थाओं तक पहुंचाया जाता है। इसके बाद खाद की वास्तविक मात्रा का मिलान कर मार्कफेड पोर्टल पर स्टॉक की प्रविष्टियां दर्ज की जाती हैं। इसके पश्चात भारत सरकार के पीएफएमएस पोर्टल पर खाद की प्राप्ति और स्टॉक का मिलान कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं। इन प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद ही खाद का स्टॉक ई-विकास पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग के लिए दिखाई देने लगता है।

एसपी ने शहीदों के नामों का किया वाचन

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को नमन, बलिदान को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस जवानों की स्मृति में मंगलवार को पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शहीद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके साहस, समर्पण और देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को याद किया गया। समारोह में संदेश दिया गया कि राष्ट्र और समाज की सुरक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों का बलिदान सदैव याद रखा जाएगा और उनकी वीरता आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी। समारोह की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने की। उन्होंने गत वर्ष देशभर में कर्तव्यपालन के दौरान शहीद हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामों का वाचन किया। इस दौरान शहीद जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्य के प्रति निष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया गया। पुलिस स्मृति परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक कनक सिंह ने किया। इसके बाद पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त की। समारोह के दौरान शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा जनसेवा और सुरक्षा के दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी सौरभ रत्नाकर, एसडीओपी राहुल कटरे, एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव, पूर्व विधायक राकेश गिरी, रामाधार त्रिपाठी सहित जिले के विभिन्न थानों और चौकियों के प्रभारी तथा पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मोबाइल एक्सेसरीज़ ब्रांड यूबोन के डीलर बने लईक

पूर्वमंत्री ने किया यूबोन के एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

देश की प्रमुख मोबाइल एक्सेसरीज़ ब्रांड यूबोन ने टीकमगढ़ में अपने एक्सक्लूसिव शोरूम की शुरुआत की है। शोरूम का भव्य उद्घाटन पूर्व मंत्री राहुल सिंह ने किया। उक्त ब्रांड के डीलर लईक मोबाइल के संचालक लईक खान बने है। इस पहल से टीकमगढ़ सहित आसपास की तहसीलों के ग्राहकों को यूबोन के गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध होंगे। उद्घाटन अवसर पर पूर्व मंत्री राहुल सिंह ने कहा कि टीकमगढ़ में यूबोन के एक्सक्लूसिव शोरूम की शुरुआत क्षेत्र के लिए अच्छी पहल है। इससे जिले और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को ब्रांड के उत्पाद खरीदने की सुविधा मिलेगी। वहीं, स्थानीय युवा और व्यापारी यूबोन से रिटेलर के रूप में जुड़कर अपना कारोबार शुरू कर सकेंगे। इससे स्थानीय स्तर पर व्यवसाय के नए अवसर भी विकसित होंगे। यूबोन भारत का एक प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल एक्सेसरीज ब्रांड है, जो मोबाइल्स से जुड़े गैजेट्स और एक्सेसरीज तैयार करता है। यूबोन के मुख्य प्रोडक्ट्स और एक्सेसरीज में चार्जर्स और पावर बैंक, ऑडियो डिवाइस, इयरफोन, नेकबैंड और हेडफोन, विभिन्न ईयरबड्स, पोर्टेबल स्पीकर, स्मार्टवॉच, डेटा केबल, सेल्फी स्टिक, कार होल्डर और माइक आदि शामिल है। कार्यक्रम में यूबोन इंडिया के ऑल इंडिया हेड गगन भूटानी, मध्य प्रदेश के यूबोन मैनेजर माधव झा तथा टीकमगढ़ के सुपर स्टॉकिस्ट लईक मोबाइल के संचालक लईक खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर गुरुवार शाम जलसा में जिले के मौजूदा रिटेलर्स के लिए विशेष दिवाली सेलिब्रेशन पार्टी का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें 150 से अधिक रिटेलर्स के शामिल होने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों को यूबोन के नए उत्पादों, उनकी खासियतों और कारोबार बढ़ाने की संभावनाओं की जानकारी दी जाएगी।





कैलपुरा में 320 बोरी खाद के अवैध भंडारण पर एफआईआर के निर्देश

टीकमगढ़। जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था पर निगरानी के बीच बल्देवगढ़ तहसील के ग्राम कैलपुरा में उर्वरक के अवैध भंडारण का मामला सामने आया है। राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने एक परिसर का निरीक्षण कर 320 बोरियां उर्वरक बरामद कीं। इनमें से 315 बोरियों पर बैच नंबर अंकित नहीं मिला, जबकि शेष पांच बोरियों पर उर्वरक निर्माता कंपनी का नाम दर्ज था। संबंधित व्यक्ति द्वारा खाद के भंडारण और क्रय-विक्रय से संबंधित वैध लाइसेंस, बिल तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 अक्टूबर को एसडीएम बल्देवगढ़ निशांत भूरिया, तहसीलदार प्राची जैन और वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी महक खत्री की संयुक्त टीम ने ग्राम कैलपुरा में निरीक्षण किया। इस दौरान बलवान राजपूत निवासी कैलपुरा के परिसर में उर्वरक की 320 बोरियां मिलीं। जांच के दौरान अधिकांश बोरियों पर बैच नंबर अंकित नहीं होने और भंडारण से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित व्यक्ति उर्वरक के भंडारण एवं क्रय-विक्रय के लिए आवश्यक लाइसेंस, बिल और अन्य अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद मौके पर उपलब्ध उर्वरक के नमूने लेकर परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। नमूनों की जांच रिपोर्ट अभी प्राप्त होना शेष है। प्रकरण में उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई के लिए एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट और वैधानिक प्रक्रिया के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा खाद के अवैध भंडारण, अनियमित खरीद-बिक्री और नियमों के उल्लंघन पर निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि किसानों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराने और खाद वितरण में अनियमितताओं को रोकने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में फैसला

10 नवंबर से नहरों में छोड़ा जाएगा पानी अंतिम छोर तक सिंचाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

रबी सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू हो गई है। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 नवंबर से नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सिंचाई, पेयजल और औद्योगिक जरूरतों के लिए जल आवंटन की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जाए, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री सतीश शर्मा ने बताया कि जिले के प्रमुख बांध और जलाशय पूर्ण क्षमता के साथ भरे हुए हैं। उपलब्ध जल संसाधनों के आधार पर रबी फसलों की सिंचाई के लिए नहरों से पानी उपलब्ध कराने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देश दिए कि नहरों में पानी छोड़ने से पहले साफ-सफाई और आवश्यक मरम्मत का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सिंचाई शुरू होने के बाद पानी के वितरण में किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए और निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सभी क्षेत्रों तक पानी पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिले में हुई बारिश की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इस वर्ष जिले में 973.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत वर्षा का 97.3 प्रतिशत है। हालांकि, लिधौरा, बड़ागांव धसान और मोहनगढ़ तहसील के कुछ क्षेत्रों में तुलनात्मक रूप से कम वर्षा हुई है। इसे देखते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय ने कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों को फसल चयन और सिंचाई प्रबंधन के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि किसान अपनी भूमि की स्थिति और सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी के अनुसार ही फसलों का चयन करें। कम वर्षा वाले क्षेत्रों में कम सिंचाई की आवश्यकता वाली फसलों की बोनी के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि उपलब्ध जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हो सके। उन्होंने कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को किसानों से संपर्क कर उन्हें आवश्यक सलाह देने के निर्देश भी दिए। रबी सीजन में फसलों की बोनी को लेकर किसानों से विशेष अपील की गई है। अधिकारियों ने कहा कि पलेवा के बाद गेहूं की फसल के लिए तीन या उससे अधिक सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होने पर ही किसान गेहूं की बोनी करें। पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में चना, मसूर और सरसों जैसी कम सिंचाई वाली फसलों को प्राथमिकता दें। इससे सीमित जल संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा और फसलों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पानी मिल सकेगा। कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसानों से अपील की कि वे जल्दबाजी में फसल का चयन करने के बजाय अपनी जमीन और उपलब्ध सिंचाई सुविधाओं का आकलन करें। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों से सलाह लेकर बोनी करने से पानी की कमी के कारण होने वाले संभावित नुकसान को कम किया जा सकता है।

महरौनी में बाइक रोककर दो युवकों से मारपीट

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र में बाइक से घर लौट रहे दो युवकों को रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार लोगों ने युवकों के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इस दौरान एक युवक का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत पर महरौनी पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना महरौनी के ग्राम पठा विजयपुरा निवासी भागीरथ पुत्र हज्जू ने बताया कि 19 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे वह अपने साथी सोकेन्द्र पुत्र संतोष के साथ मोटर साइकिल से घर लौट रहा था। जब दोनों ग्राम गुन्दरापुर और कसारी के पास पहुंचे, तभी रास्ते में उन्हें रोक लिया गया। आरोप है कि इसके बाद कल्लू, संजू, जानकी और अरविन्द ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने कथित तौर पर लाठी-डंडों से मारपीट की। इस दौरान भागीरथ का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए।

22 से 28 नवंबर तक 10 मांगों को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे विकास यादव

शिव की नगरी से रामराजा नगरी तक निकलेगी 6 दिवसीय पैदल विकास यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शिव की नगरी टीकमगढ़ से रामराजा सरकार की नगरी ओरछा तक विकास की नई इबारत लिखने के संकल्प के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास यादव ने श्री रामराजा सरकार विकास यात्रा निकालने की पहल की है। 22 से 28 नवंबर तक प्रस्तावित यह पैदल यात्रा टीकमगढ़ से ओरछा तक के क्षेत्र में विकास की संभावनाओं, लंबे समय से अपेक्षित सुविधाओं और महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की मांग को प्रमुखता से उठाएगी। यात्रा के माध्यम से मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा, ऐतिहासिक महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार, राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन बनाने, नई रेल लाइन बिछाने और हवाई पट्टी के निर्माण जैसे 10 प्रमुख मुद्दों को शासन के समक्ष रखने की तैयारी है।

टीकमगढ़ से ओरछा तक समग्र विकास कराना मुख्य उद्देश्य

यात्रा संयोजक विकास यादव के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य टीकमगढ़ से ओरछा तक के क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित कराने के लिए प्रमुख मांगों को जनसमर्थन के साथ आगे बढ़ाना और उन्हें धरातल पर उतारने की दिशा में प्रयास करना है। भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन की सहभागिता से निकाली जाने वाली इस यात्रा में धार्मिक आस्था के साथ विकास और जनसुविधाओं से जुड़े विषयों को भी केंद्र में रखा जाएगा।



नजरबाग से शुरू यात्रा सात दिन में पहुंचेगी ओरछा

यात्रा संयोजक विकास यादव ने बताया कि श्री रामराजा सरकार विकास यात्रा का शुभारंभ 22 नवंबर को दोपहर 12 बजे टीकमगढ़ के नजरबाग मंदिर से होगा। यहां से यात्रा मुख्य बाजार होते हुए बिहारीपुर पहुंचेगी, जहां पहले दिन रात्रि विश्राम किया जाएगा। इसके बाद 23 नवंबर को यात्रा दिगौड़ा, 24 नवंबर को बम्होरी, 25 नवंबर को ज्योरा, 26 नवंबर को पृथ्वीपुर और 27 नवंबर को नेगुवां पहुंचेगी। सात दिवसीय यात्रा का समापन 28 नवंबर को शाम चार बजे ओरछा स्थित श्री रामराजा मंदिर में होगा। यहां सभा आयोजित कर यात्रा का समापन किया जाएगा। यात्रा का मार्ग इस तरह निर्धारित किया गया है कि रास्ते में आने वाले क्षेत्रों के लोगों से संपर्क स्थापित कर विकास संबंधी मांगों पर चर्चा की जा सके।

विश्राम स्थलों पर हनुमान चालीसा पीएम, सीएम को भेजेंगे पत्र

श्री रामराजा सरकार विकास यात्रा में धार्मिक आस्था और जनसहभागिता का अनूठा समन्वय देखने को मिलेगा। यात्रा संयोजक ने बताया कि प्रत्येक विश्राम स्थल पर संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इसके बाद एक पत्र, एक दान श्रीराम के नाम अभियान के तहत यात्रा के समर्थन में लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम पत्र लिखवाए जाएंगे। इन पत्रों के माध्यम से क्षेत्र के विकास से जुड़ी मांगों को शासन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही दान पेटी के माध्यम से सहयोग राशि एकत्रित की जाएगी। यात्रा के समापन अवसर पर एकत्रित सहयोग राशि श्री रामराजा मंदिर में भेंट की जाएगी।

मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा से लेकर ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण तक की मांग

विकास यात्रा में ओरछा के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए कई मांगें शामिल की गई हैं। इनमें ओरछा स्थित लक्ष्मी मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण और कल्याण मंदिर में श्री राधा-कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा कराने की मांग प्रमुख है। इसके अलावा महारानी कुंवर गणेश और महाराज मधुकरशाह की प्रतिमाएं स्थापित कराने की मांग भी उठाई जाएगी। ओरछा की सुंदरता और पर्यटन आकर्षण बढ़ाने के उद्देश्य से संपूर्ण नगरी को जयपुर की तर्ज पर मंदिरों से मेल खाते रंग में रंगने तथा सभी प्रवेश मार्गों पर जयपुरी पत्थर से भव्य प्रवेश द्वार बनवाने की मांग भी शामिल है। इसके साथ ही ओरछा से तारामाई तक रोप-वे निर्माण का मुद्दा उठाया जाएगा।

फोरलेन, फ्लाईओवर व नई रेल लाइन की भी मांग

यात्रा में धार्मिक और पर्यटन संबंधी मांगों के साथ क्षेत्र के परिवहन और आधारभूत ढांचे के विकास पर भी जोर दिया जाएगा। ओरछा, पृथ्वीपुर, टीकमगढ़, शाहगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन बनाने की मांग शामिल है। इसके अलावा चंद्रपुरा से ओरछा तक फ्लाईओवर निर्माण तथा ओरछा से झांसी-खजुराहो फोरलेन तक डिवाइडर और आकर्षक लाइटिंग से युक्त मार्ग बनाने की मांग रखी जाएगी। क्षेत्र में रेल संपर्क मजबूत करने के उद्देश्य से ओरछा, पृथ्वीपुर, टीकमगढ़, शाहगढ़ होते हुए सागर तक नई रेल लाइन स्वीकृत कराने की मांग भी यात्रा के प्रमुख मुद्दों में शामिल है। वहीं, टीकमगढ़ के मोहनगढ़ तिराहे पर हवाई पट्टी का निर्माण कराने की मांग उठाकर क्षेत्र में हवाई संपर्क की संभावनाओं की ओर भी शासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया जाएगा। श्री रामराजा सरकार विकास यात्रा में शामिल 10 मांगें धार्मिक गतिविधियों, ऐतिहासिक विरासत, पर्यटन और परिवहन सुविधाओं से जुड़ी हैं। इनमें मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा, ऐतिहासिक व्यक्तित्वों की प्रतिमाओं की स्थापना, रोप-वे, ओरछा की एकरूप धार्मिक पहचान, भव्य प्रवेश द्वार, फोरलेन सड़क, फ्लाईओवर, डिवाइडर व लाइटिंग युक्त मार्ग, नई रेल लाइन और हवाई पट्टी निर्माण जैसे विषय शामिल हैं। यह यात्रा इन मांगों को लेकर टीकमगढ़ से ओरछा तक जनसंपर्क का माध्यम बनेगी। सात दिनों तक चलने वाली इस पदयात्रा के जरिए आयोजक क्षेत्र की विकास संबंधी अपेक्षाओं को शासन तक पहुंचाने और उन्हें स्वीकृति दिलाने की दिशा में प्रयास करेंगे।

करीब तीन घंटे लगा जाम आश्वासन के बाद खुला, हत्या की धारा बढाई

विवाद में घायल वृद्ध की मौत से गुस्साए लोगों ने शव रखकर जाम किया हाईवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ईच्छनाखेडली में विगत दिनों हुए झगडे के दौरान घायल वृद्ध रामस्वरूप बैरवा की इलाज के दौरान मौत हो जाने से गुस्साए परिजनों सहित ग्रामीणो ने गुरूवार को भोगिका चैराहे पर शव को रखकर टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे 552 को जाम कर दिया। इस जाम के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। इस प्रदर्शन में ग्रामीणों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।करीब तीन घंटे लगा रहा यह जाम तब खुल सका,जब मौके पर पहुंचे एसडीओपी आनंद कुमार राय ने इस मामले में हत्या की धारा बढाने और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी जाम लगा रहे प्रर्दशनकारियों को देते हुए आगे मामले में नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया।

बता दें कि ग्राम ईच्छनाखेडली गांव में विगत दिनों दो परिवार के लोगो के बीच झगडा हो गया था। इस झगडे के दौरान नामजद आरोपियों ने एक राय होकर अशोक बैरवा के परिवार के लोगो पर लाठी डंडे और तलवार से हमला कर दिया था। इस दौरान अशोक बैरवा समेत उसके पिता रामस्वरूप बैरवा, सुशील बैरवा तथा मोतीलाल बैरवा घायल हो गए थे। इस दौरान गंभीर घायल हुए रामस्वरूप बैरवा 75 वर्ष को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल श्योपुर से कोटा राजस्थान के लिए रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि कोटा अस्पताल में इलाज के दौरान रामस्वरूप बैरवा की बुधवार को मौत हो गई। कोटा में वहां की पुलिस के द्वारा पीएम किए जाने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। रामस्वरूप की मौत से गुस्साए परिजनों ने गुरूवार की सुबह शव के साथ भोगिका चैराहे पर जाग लगाकर टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे 552 को जाम कर दिया। शव को हाइवे पर रखकर जाम लगाने वाले प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के खिलाफ खूब नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जाए और पीडित परिवार को आर्थिक मदद दी जाए।



जाम के कारण थमे वाहनों के पहिए, लगी कतार

नेशनल हाईवे पर शव रखकर प्रदर्शन किए जाने से करीब तीन घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। इस दौरान यहां से गुजरने वाले वाहनों के पहिए थम गए और दोनो तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम स्थल पर न सिर्फ बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे,बल्कि विधायक बाबू जंडेल सहित अन्य कई जनप्रतिनिधी भी मौके पर पहुंच गए। इधर जाम की सूचना मिलने पर मानपुर थाना पुलिस के साथही देहात थाना प्रभारी भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं एसडीओपी आनंद कुमार राय और तहसीलदार श्योपुर भी जाम स्थल पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझाइश देकर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जिसके बाद जाम खोला गया।



पुलिस ने बढाई हत्या की धारा,पांच आरोपी अरेस्ट

एसडीओपी श्योपुर आनंद कुमार राय ने बताया कि इस मामले में विवाद होने के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला किया गया था। जिनमें बंटी बैरवा, रामस्वरूप बैरवा, कमलेश बैरवा, तथा बंटी की पत्नी व कमलेश की पत्नी के नाम शामिल है। एसडीओपी ने बताया कि जैसे ही पुलिस को इलाज के दौरान रामस्वरूप बैरवा की मौत के बाद उसे पीएम किए जाने की रिपोर्ट मिली,वैसे ही पुलिस ने इस मामले में हत्या की धारा बढा दी गई है और पांचो आरोपियों को अरेस्ट कर लिया गया है।

पत्नी से मोबाइल पर बात करने पर हुआ विवाद

ग्राम ईच्छनाखेडली में हुआ यह विवाद जयपुर में हुई कहासनी को लेकर हुआ है। पुलिस के मुताबिक दोनो की पक्ष के लोग जयपुर में काम करते है। जहां अशोक बैरवा की पत्नी से दूसरे पक्ष के किसी व्यक्ति ने मोबाइल पर कुछ बात कह दी थी,इसी बात को लेकर दोनो पक्षो के बीच जयपुर में कहासुनी हो गई। जयपुर में हुई कहासनी का बदला दूसरे पक्ष के लोगो ने गांव लौटने पर लाठी,डंडे और तलवार से हमला करके लिया है।

श्योपुर रेलवे स्टेशन का बजट घटाने पर कूनो संघर्ष समिति का जोरदार प्रदर्शन

इधर नेता पुलिस को उलझाए रहे बातों में, उधर कार्यकर्ताओं ने फूंक दिया रेल मंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर रेलवे स्टेशन का बजट घटाने से नाराज कूनो संघर्ष समिति ने गुरुवार को बर्धा बुजुर्ग गांव में बने नए रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान मजेदार वाक्या तब देखने को मिला जब पहले से पुतला फूकने जैसी घटना को रोकने के लिए मुस्तैद पुलिस को संघर्ष समिति के नेताओं ने अपनी बातों में ऐसा उलझाया कि उनका ध्यान उधर नहीं गया जहां कार्यकर्ताओं ने छुपा कर पुतला रखा था और पुतला फूंक दिया। इस दौरान जले हुए पुतले को छीनने के लिए पुलिस और कार्यकर्ता आपस में उलझते भी दिखे। बाद में संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अतुल चौहान के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा गया जिसमें रेलवे स्टेशन का बजट पूर्व घोषणा अनुसार 150 करोड रुपए किए जाने की मांग की गई।

कूनो संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अतुल चौहान के नेतृत्व में बर्धा में बने रेलवे स्टेशन पर धरना देकर विरोध जताया गया। इस दौरान अतुल चौहान ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत श्योपुर रेलवे स्टेशन के विकास के लिए घोषित 150 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुद इसकी घोषणा श्योपुर में चुनाव प्रचार के दौरान की थी। उन्होंने कहा था कि बर्धा बुजुर्ग रेलवे स्टेशन को हेरिटेज स्टेशन बनाया जाएगा। इसे ऐसा लुक दिया जाएगा जिसमें जिले की विरासत संस्कृति की झलक स्टेशन पर दिखे। लोग श्योपुर में चीते देखने तो आए साथ ही रेलवे स्टेशन को भी देखने के लिए आए ऐसा स्टेशन बनेगा। लेकिन रेलवे के बजट में उस स्वीकृत 150 करोड रुपए को घटाकर सिर्फ 35 करोड़ रुपए कर दिया है जो श्योपुर जिले के लिए छल किए जाने जैसा है और आश्चर्य की बात यह है कि भाजपा के जनप्रतिनिधि इस मामले में मुंह में दही जमाए हुए बैठे हुए हैं।



ब्रॉडगेज लाइन और सुविधाएं बढ़ाने की मांग

समिति ने श्योपुर-कोटा ब्रॉडगेज रेल लाइन के महत्व का हवाला देते हुए कहा कि रेल सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र में व्यापार, शिक्षा और पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है। ज्ञापन में श्योपुर रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने और जिले के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाएं बढ़ाने की मांग की गई। कूनो संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि बजट में की गई कटौती वापस लेकर पूर्व घोषित राशि बहाल नहीं की गई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान समिति ने श्योपुर के विकास के लिए रेलवे स्टेशन की मूल योजना के अनुरूप काम कराने की मांग उठाई।

पुतला जलाने को राजनीतिक कुशलता मान रहे कार्यकर्ता

कूनो संघर्ष समिति द्वारा रेल मंत्री का पुतला जलाने को भी कार्यकर्त्ता अतुल चौहान की राजनीतिक कुशलता मान रहे हैं। ज्ञात हो की हाल ही में वोट चोर गद्दी छोड़ एवं किसानों से संबंधित मांगों को लेकर कांग्रेस ने विधायक के नेतृत्व में कई प्रदर्शन किए और इन प्रदर्शनों में पुतला जलाने का भरसक प्रयास किया गया लेकिन पुलिस ने पुतला जलाने से पहले ही कांग्रेसियों से छीन लिए थे पर बर्धा में कार्यकर्ताओं ने रेल मंत्री का पुतला पूरी तरह जला डाला जिसे अतुल चौहान के समर्थक कांग्रेस कार्यकर्त्ता उनकी राजनीतिक कुशलता मान रहे हैं। कार्यकर्ता इस बात पर भी गर्व कर रहे हैं कि उन्होंने पुतला पूरी तरह जला दिया जबकि पुतले को जलने से रोकने के लिए भारी मात्रा में पुलिस फोर्स मौजूद था।

भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की लीला के मंचन के साथ रामलीला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में बने मंच पर चल रही 77 वी रामलीला का बुधवार की रात को भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की लीला के मंचन के साथ सम्पन्न हो गया। रामलीला के मंचन के दौरान कलाकारों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

रामलीला के अंतिम दिन कलाकारों ने भगवान श्रीराम की लंका विजय, रावण सहित अन्य राक्षसों के वध किए जाने के बाद भगवान श्री राम के अयोध्या लौटने और फिर भगवान श्रीराम के राजतिलक की लीला का जीवंत मंचन किया। रामलीला के कलाकारो ने राज्याभिषेक की लीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग और धर्म की स्थापना का संदेश दिया। भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का दृश्य देखकर श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे नजर आए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति की ओर से रामलीला में विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाने वाले सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। समिति के सदस्यों ने कलाकारों के अभिनय की सराहना करते हुए धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही रामलीला के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले लोगों के प्रति आभार जताया है।



महिला पार्षद ने बेटी होने पर बांटी मिठाई, अस्पताल को दिया उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

वार्ड क्रमांक 01 की पार्षद आहिस्ता रजा खान ने प्रसव के दौरान बेटी को जन्म दिया तो परिजनों ने खुशी में मिठाई बांटी और अस्पताल को भी उपहार दिया। पार्षद द्वारा नॉर्मल डिलीवरी के बाद स्वस्थ बेटी को जन्म दिया बेटी के जन्म होने की खुशी में पूरे परिवार ने जमकर खुशी मनाई वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों को मिठाई बांटी। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन को भी जांच सहायता उपकरण उपहार में दिए।



पार्षद प्रतिनिधि इमरान खान (शानू) ने बताया कि बेटी उनके घर में रहमत बनकर आई है

शिवनगर फीडर से आज बंद रहेगी बिजली

श्योपुर। श्योपुर शहर वितरण केन्द्र अंतर्गत 11 केव्ही लाइनों का दीपावाली पूर्व मेंटीनेंस कार्य होने से 23 अक्टूबर को 11 केव्ही शिवनगर फीडर से प्रातः 07 बजे से प्रातः 11 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।प्रबंधक वितरण केन्द्र शहर श्योपुर ने बताया कि 11 केव्ही शिवनगर फीडर से 23 अक्टूबर को प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी, जिसके चलते विकास नगर, हाउसिंग बोर्ड, केन्द्रीय विद्यालय, शिवपुरी रोड चूंगी नाके तक, पटवारी कॉलोनी, शिव नगर कॉलोनी क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष ने बैठक में दिए निर्देश

ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल में दाखिल कराने समन्वय से कार्य करें:शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ निवेदिता शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभागीय स्टेक होल्डर्स की जिला स्तरीय समन्वय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चों को पुनः स्कूल में दाखिल कराने के लिए शिक्षा, ट्रायबल, जिला शिक्षा केन्द्र, महिला बाल विकास सभी समन्वय से कार्य करें तथा इस क्षेत्र में काम कर रहे एनजीओं का सहयोग भी लें। उन्होंने कहा कि एक माह से अधिक स्कूल से अनुपस्थित बच्चों की सूची श्रम विभाग को उपलब्ध कराई जायें तथा सत्यापन सुनिश्चित किया जाये कि कही बच्चे बाल श्रम में संलग्न तो नही है। उन्होंने बालश्रम के विरूद्ध टॉस्क फोर्स के माध्यम से कडी कार्यवाही करने के निर्देश भी श्रम विभाग के अधिकारियों को दिये।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर मेघा तिवारी, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष अर्चना भूषण, सदस्य उषा दातरे, गणेश पाराशर,गौरव आचार्य, सतीश अवस्थी, महिला बाल विकास अधिकारी श्यामबाबू खरे, डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, सहित अन्य अधिकारी तथा एनजीओ जनसाहस, परिवार, प्रथम, चाइल्डलाइन आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ निवेदिता शर्मा ने कहा कि बाल विवाह के प्रति समुदाय को जागरूक करने का कार्य किया जायें तथा संबंधित विभाग एवं एनजीओं समन्वय करके बाल विवाह को रोकने और लोगों को जागरूक करने के लिए कार्य करें। सामुहिक विवाह सम्मेलनों में होने वाले विवाहों के पूर्व वर-वधुओं की उम्र के सत्यापन के संबंध में दस्तावेज प्राप्त किये जायें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 6 वर्ष तक की आयु के मूकबधिर बच्चों के लिए निशुल्क रूप से कॉकलीयर इंप्लांट कराया जाता है, इस प्रकार के बच्चे यदि जिले में हो तो उनका सर्वे कर उक्त योजना के तहत बच्चों का निशुल्क ऑपरेशन कराये जायें, जिससे वे सामान्य बच्चों की तरह अपना जीवन जी सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उक्त योजना के तहत 9 बच्चों के कॉकलीयर इंप्लांट कराये गये है। बैठक के दौरान बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण की स्थिति तथा पॉक्सो एक्ट सहित बाल श्रम एवं बाल विवाह के सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रायवेट स्कूलों में संचालित होने वाले छात्रावासों, प्राथमिक स्कूलों तथा मदरसों के नवीनीकरण के सत्यापन करने के संबंध में भी निर्देश दिये गये। सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को एनजीओ द्वारा संचालित नशामुक्ति केन्द्र में बालको के लिए अलग से कक्ष निर्धारित कराने हेतु भी निर्देशित किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी श्यामबाबू खरे ने बताया कि जिले में संचालित तीनों एनआरसी में 88.5 प्रतिशत ऑक्यूपेन्सी है, इस साल अभी तक 637 बच्चों को एनआरसी के माध्यम से पोषण स्वास्थ्य का लाभ दिया गया है।

अंजुमन में संचालित मदरसे का निरीक्षण

मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ निवेदिता शर्मा द्वारा अंजुमन इस्लाम संस्था द्वारा संचालित मदरसे का निरीक्षण किया गया तथा मदरसा संचालको को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों से चर्चा की तथा पाठ्यपुस्तक का वाचन कराकर शैक्षणिक गुणवत्ता का आंकलन किया। इसके साथ ही मदरसे में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओ बिजली, पानी, शौचालय आदि के संबंध में भी जानकारी ली गई।

गसवानी थाना क्षेत्र में हादसा: बाइक सवार दोनों बेटियां भी घायल,रेफर

बेटियों को इलाज के लिए लेकर जा रहे पिता को ओवरलोड किअप ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अपनी बेटियों को इलाज के लिए बाइक से ले जा रहे पिता को एक ओवरलोड पिकअप ने जोरदार टक्कर मारते हुए कुचल दिया। जिससे पिता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार दोनो बेटियां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें विजयपुर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया है। गुरूवार की सुबह साढे आठ बजे के करीब यह दर्दनाक श्योपुर जिले के गसवानी थाना क्षेत्र स्थित सहसराम पहाडगढ रोड पर घटित हुआ। खास बात यह है कि इस दर्दनाक हादसे को अंजाम देने वाला पिकअप चालक पिकअप समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि इस हादसे के बाद गंभीर हुई गसवानी थाना पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज करते हुए मौके से भागे चालक की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन खबर लिखे जाने तक वाहन चालक का कोई अता पता नहीं चल सका।

जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के ग्राम गाजीगढ निवासी राकेश धाकड (50) की दो बेटिया कृतिका (18) और साध्वी (19) चर्म रोग की बीमारी से परेशान बनी है। काफी इलाज कराने के बाद भी उन्हें कोई आराम नहीं मिली। तभी उन्हें कैलारस में देशी दवाई के जरिए चर्मरोग का पक्का इलाज होने के बारे में किसी ने बताया। इसलिए वह अपनी दोनो बेटियों को इलाज के लिए गुरूवार की सुबह बाइक पर सवार होकर कैलारस की ओर लेकर जा रहा था। तभी गसवानी थाना क्षेत्र स्थित सेहुला गांव के पास बने मोड पर सामने से तेज गति से आ रही एक ओवरलोड पिकअप से बाइक की भिडंत हो गई। भिडंत इतनी जबरदस्त हुई थी कि बाइक सवार राकेश की सिर कुचल जाने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि राकेश की दोनो बेटिया कृतिका और साध्वी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर गसवानी थाना प्रभारी आशा मौर्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और घायल दोनो बेटियों को तत्काल विजयपुर अस्पताल भिजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कृतिका और साध्वी को ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया है।



परिवार पर टूटा दुखो का पहाड, बेटी की शादी का सपना चूर चूर

इस हादसे के कारण गाजीगढ निवासी राकेश धाकड के परिवार पर मानो दुखो का पहाड सा टूट पडा है। क्योंकि मृतक राकेश धाकड अपने परिवार का मुखिया था। खेतीबाडी से अपने परिवार की गाडी चला रहे राकेश धाकड के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा संजय धाकड और दो बेटिया है। बेटे संजय धाकड की शादी हो गई है। लेकिन दोनो बेटियां कृतिका और साध्वी की अभी शादी नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि राकेश धाकड का इस साल देव उठने के बाद अपनी बडी बेटी कृतिका की शादी करने का विचार था। इसके लिए घर परिवार में चर्चा किए जाने के बाद ही कृतिका के लिए अच्छा वर भी ढूंढा जा रहा था। किसान राकेश धाकड की ख्वाहिश थी जिस तरह बेटे संजय की शादी धूमधाम से की थी,उसी धूमधाम के साथ बेटी कृतिका की भी शादी हो। मगर इस हादसे में मृत हुए राकेश का अपनी बेटी की शादी धूमधाम से करने का सपना चूर चूर हो गया। हादसे से परिवार के लोगो का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। वैसे हादसे में घायल दोनो बेटियो को ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया है,मगर डॉक्टरों ने एक बेटी की हालत ज्यादा चिंता जनक बताई है।

ओवरलोडिंग पर नहीं कोई लगाम

जिले की सडकों पर ओवरलोड दौड रहे वाहनों पर किसी तरह का कोई प्रशासनिक अंकुश नहीं है। जिसकारण वाहन चालक अपने वाहनों में ओवरलोड सवारी या फिर ओवरलोड सामान भरकर बिना किसी डर के फर्राटे से वाहनों को दौडा रहे है। बिना अंकुश के जिले की सडकों पर ओवर लोड दौड रहे यह वाहन न केवल नियम कायदो का रौंद रहे है,बल्कि लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहे है। क्योंकि जिले में ओवरलोड वाहनों के कारण कई दर्दनाक हादसे घटित हो चुके है। इसका ताजा प्रमाण गसवानी थाना क्षेत्र में ओवरलोड पिकअप की टक्कर से घटित हुआ दर्दनाक हादसा है। लेकिन इसके बाद भी ओवरलोड वाहनों के खिलाफ ऐसी कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है,जिसके चलते वाहन चालको में ओवरलोडिंग को लेकर किसी तरह का कोई डर हो। लोगों का कहना है कि वाहन चालको में ओवरलोडिंग को लेकर किसी तरह कोई डर नहीं है,तभी तो वाहन चालक ओवरलोडिंग वाहनों को फर्राटे से दौडा रहे है।

इनका कहना...

हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों बेटियां घायल हो गईं। जिन्हें इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल से ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद पिकअल चालक मौके से फरार हो गया है। मामला दर्ज कर उसकी चालक की तलाश की जा रही है।

आशा मौर्य
थान इंचार्ज गसवानी

बुजुर्गों के सम्मान में स्वास्थ्य, सुरक्षा व जागरूकता शिविर आयोजित

श्योपुर। अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत प्रेरणा वृद्ध आश्रम में गुरुवार को स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं जागरूकता पर तृतीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत आश्रम में मौजूद सभी निराश्रित बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईया दी गई। कलेक्टर शीला दाहिमा के कुशल निर्देशन एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में गुरुवार को गणराज सेवा समिति द्वारा संचालित प्रेरणा वृद्धाश्रम पाली रोड़ श्योंपुर में अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत संवेदनशीलता एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत तीसरे दिन विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से सीपीआर प्रदर्शन, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सावधानियां, पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण, सामान्य रोगों से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली पर व्यावहारिक प्रदर्शन और स्वास्थ्य जागरूकता पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से प्रमुख रूप से डॉ. आकर्ष जैन एवं डॉ. अभिषेक तुतलानी उपस्थित रहे। इसके साथ ही, स्थानीय निकाय से नगरपालिका के पार्षद विष्णु पाराशर, सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी उपसंचालक सौरभ सिंह राय, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी ओमबीर रघुवंशी, प्रेरणा वृद्धाश्रम के सचिव धर्मेन्द्र शर्मा, प्रबंधक मनोज वैष्णव तथा अन्य विभागीय कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सीपीआर, प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य परीक्षण पर विशेष सत्र कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ डॉ. आकर्ष जैन एवं डॉ. अभिषेक तुतलानी ने वरिष्ठ नागरिकों को सीपीआर का व्यावहारिक प्रदर्शन कर आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बुजुर्गों को संतुलित पोषण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, सामान्य मौसमी रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।



खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गहोरा निवासी रूपेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल पाल ने उसका हाथ मुंह से काटकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत अखाईकृष्ण निवासी शारदाबाई वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति प्रकाश वंशकार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कूढ़ई तूमैन निवासी प्रवेश बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोनू,सोनू राजधर, मुन्नीलाल, कल्ला, अनिल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजधर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राहुल,दीपक दर्शन,नीलम,चन्द्रभान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत भ्याना चक्क निवासी शिशुपाल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीलू,मालिक, सूरज बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी जसवंत बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामभरोसी, व नन्नाबाई बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केनबारा निवासी कृष्णपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्राण सिंह और करतार सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के महिला थाने के अंतर्गत मथाना निवासी विनीता कौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष की ओर से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

जिले में पराली जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित

अशोकनगर। जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये नरवाई/पराली जलाना प्रतिबंधित है। जिले में फसल कटाई हेतु उपयोग होने वाले समस्त कम्बाईन हार्वेस्टरों में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एस.एम.एस.) अनिवार्य रूप से लगा होना अनिवार्य किया गया है। इसका उल्लंघन करने पर हार्वेस्टर मालिक के विरूद्ध वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। खरीफ 2025 में 510 पराली जलाने की घटनायें हुई थीं। ग्राम पंचायत स्तर पर पराली में आग लगाने से रोकने एवं समझाईश देने के लिए निगरानी दल गठित किये गये हैं जिसमें सरपंच अध्यक्ष, ग्राम पंचायत सचिव सदस्य सचिव, कृषि विस्तार अधिकारी, हल्का पटवारी, ए.व्ही.एफ.ओ. ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी सदस्य है यह निगरानी दल अपने क्षेत्र में नरवाई/पराली को जलाने हेतु निगरानी करेंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर नरवाई/पराली जलाने की घटनायें शून्य होने पर उस ग्राम पंचायत को पुरूस्कृत किया जायेगा। समझाईश के बाद पराली में आग लगाने पर अर्थदण्ड किया जायेगा।

नवदुर्गा पर्व पर मां बीजासन मंदिर में हुई महाआरती

शाढ़ौरा। शाढ़ौरा के अस्तल मोहल्ला में बिराजी मां बीजासन के मंदिर में नवदुर्गा पर्व के चलते महाआरती का आयोजन भव्यता से सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में शाढ़ौरा थाना प्रभारी सुनील सिकरवार शामिल हुए। यह बीजासन मंदिर अति प्राचीन हैं एवं बरतरे वाली बीजासन मां के नाम से प्रसिद्ध है मां त्रिवेणी अर्थात बर, पीपल, नीम के पेड़ के नीचे मंदिर में विराजमा है। मां बीजासन संतान सुख की प्राप्ति देने वाली मां है। यहां इंदौर,उज्जैन, भोपाल ग्वालियर, गुना अशोकनगर प्रदेश भर से लोग मां के दर्शन करने आते हैं।

नाचते गाते हुए भक्त सड़कों पर नजर आए, कई जगहों पर हुआ भंडारा

झांकियों में सजी देवी मां को विसर्जन के दिन नम आंखों से विदाई दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





नवरात्रि महापर्व के समापन के पश्चात जब माता को विदाई देने की बारी आई तब श्रद्धालुओं ने माता की भक्ति करने के बाद शहर के तुलसी सरोवर पर बनाए गए विर्सजन कुण्ड के जल में नम आंखों से विदाई दी। नवरात्रि महापर्व पर 100 से अधिक प्रतिमाएं रात से लेकर पूरे दिन तुलसी सरोवर पर पहुंची। शहर की सड़कों पर झांकी आयोजकों को वाहन में माता को विराजमान कर विर्सजन के लिए ले जाते हुए देखा गया। नांचते गाते हुए भक्तों की टोलियां सड़कों पर नजर आईं। माता के विर्सजन के साथ ही नवरात्रि महापर्व का समापन हो गया है।

तुलसी सरोवर पर बने विसर्जन कुण्ड पर माता को विसर्जित किया गया

नवरात्रि पर्व शहर के सबसे बड़े पर्वों में से एक है इस महापर्व पर शहर में अनगिनत माता की झांकियां लगाई गईं थीं। इन झांकियों में माता के विभिन्न स्वरूपों को नवरात्रि पर्व के 9 दिनों तक भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गई। नवरात्रि पर्व के समापन से बीती रात से ही माता की प्रतिमाओं को तुलसी सरोवर पर प्रशासन द्वारा बनाए गए विर्सजन कुण्ड पर विसर्जित करते हुए देखा गया। इस दौरान प्रशासन का अमला और एसडीआरएफ की टीम पूरे समय तुलसी सरोवर के विसर्जन कुण्ड पर तैनात रही। अशोकनगर शहर के साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी प्रतिमाओं को यहां विसर्जन के लिए लाया गया था गांव के लोग शहर में प्रतिमाएं विसर्जन के आ रहे है वहीं शहर के लोग गांव में माता की प्रतिमाओं को विसर्जन करने जा रहे हैं।

पहले एक साथ चल समारोह निकलते थे अब अलग-अलग झांकिया निकलीं





शहर में पहले रात्रि में दुर्गा विसर्जन चल समारोह के रूप में सभी झांकियों को एक साथ निकाला जाता था तब पूरे शहर में एक बड़ा उत्सव नजर आता था। शहर में जगह जगह मण्डारें के आयोजन होते थे और पूरी रात लोग इस चल समारोह में शामिल होकर इसे एक नया रूप प्रदान करते थे। चल समारोह में हर झांकी के साथ आयोजक कोई ने कोई कार्यक्रम सांस्कृतिक रूप से करते हुए चलते थे। सुबह 9 बजे तक सारी प्रतिमाओं को विसर्जन हो जाता था। लेकिन अब यह आयोजन पहले जैसा नहीं होता प्रतिमाएं विसर्जन के लिए तो ले जाई जाती हैं लेकिन पहले जैसी एकरूपता नजर नहीं आती। हर झांकी आयोजन अपनी अपनी सुविधा के अनुसार प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाते हुए देखा गया। किसी को रात में प्रतिमा विसर्जन के लिए देखा गया। शहर में माता की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाने के दौरान सड़कों पर महिलाओं, बच्चों और युवाओं को गाजे बाजे और डीजे बेण्ड के नांचते गाते हुए देखा गया। तरह तरह की गुलाल सड़क पर उडती रही। इन प्रतिमाओं में कईं छोटे आकार की थीं तो कईं बड़े आकार की थीं। जिंद बाबा समिति की झांकी में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और माता को विदाई देने पहुंची। मुल्लाखेडी तालाब पर माता का विसर्जन किया गया।

कई सालों से हो रहा है भंडारों का आयोजन

अशोकनगर शहर में दशहरा उत्सव देखने के बाद श्रद्धालु रामलीला में पहुंचते हैं उसके बाद झांकियों के विसर्जन कार्यक्रम में भाग लेते हैं। इन ग्रामीण अंचलों से आने वाले और शहर की पिछड़ी वस्तुओं में निवास करने वाले नागरिकों के साथ शहरी लोगों को भी कईं वर्षों से भण्डारें का आयोजन किया जा रहा है। रिंकू रघुवंशी ठेकेदार द्वारा इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया गया और प्रसादी प्रदान की गई।


माता के जेवरों की नीलामी हुई

जिंद बाबा समिति की झांकी में देवी मां को 60 लाख के आभूषण पहनाए गए थे। इन आभूषणों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा गार्ड भी लगाए गए थे जो नवरात्रि पर्व के 9 दिनों तक इन जेवरों की सुरक्षा करते रहे। विसर्जन से पहले माता के जेवरों की नीलामी की गई। जिसमें से 40 लाख के जेवरों की नीलामी हो चुकी है। श्रद्धालु इन्हे नीलामी से अपने घर ले गए। झांकी संयोजक महेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि शेष जेवरों की नीलामी और की जाएगी।

चंदेरी से निवेशकों का होता मोहभंग!

टीएंडसीपी व वन विभाग की एनओसी बन रही अड़चन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



चंदेरी विकास योजना 2001 अभी लागू है इस विकास योजना का पुनर्विलोकन आज तक न हो पाने के कारण, चंदेरी पर्यटन नगरी में जो निवेशक अपनी सर्विस इंडस्ट्री के तहत होटल, रिसोर्ट एवं अन्य आमोद प्रमोद के संस्थान स्थापित करना चाहते हैं, उन्हें नगर तथा ग्राम निवेश विभाग मध्यप्रदेश एवं वन विभाग मध्यप्रदेश की अनापत्तियां न मिलने के कारण, वह सभी अपनी निवेश कार्य योजना को मूर्त रूप नहीं दे पा रहे हैं जिससे चंदेरी के पर्यटन विकास में जबरदस्त अवरोध उत्पन्न हो रहा है।

इस अवरोध को हटाने के लिए क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से गुहार लगाई गई है ताकि जो प रे शा नि यां अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही है उनका निराकरण हो सके और चंदेरी पर्यटन नगरी में विभिन्न निवेशक आकर अपने संस्थान स्थापित कर सकें। संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2017 में चंदेरी विकास योजना प्रारूप 2031 जारी किया गया था जिसे तत्कालीन आयुक्त सह-संचालक नगर तथा ग्राम निवेश मध्यप्रदेश भोपाल संदीप यादव के हस्ताक्षर से जारी किया गया था और इस विकास योजना के लिए बहुमूल्य एवं सृजनशील सुझाव आमंत्रित किए गए थे, जिस पर ततसमय नगर पालिका परिषद चंदेरी एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा सुझाव आदि आमंत्रित किए गए थे जिस पर जन सामान्य ने विभिन्न सुझाव प्रस्तुत भी किए थे। परंतु चंदेरी विकास योजना प्रारूप 2031 को आज दिनांक तक अधिसूचित नहीं किया गया है, वर्ष 2001 की विकास योजना प्रावधानित है जिसे 25 वर्ष हो चुके हैं इसमें कोई भी संशोधन नहीं किया गया है, जिस कारण विभिन्न परेशानियां चंदेरी के समग्र विकास में आ रही हैं।

चंदेरी विकास योजना 2001 का अभी तक नहीं हुआ पुनर्विलोकन

चंदेरी विकास योजना प्रारूप 2031 में निवेश क्षेत्र प्रावधानित किया गया था परंतु इस निवेश क्षेत्र में स्पष्ट अनुशंसाएं नहीं की गई है, और यह अधिसूचित भी नहीं है, जिसके कारण निवेशकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी विकास योजना प्रारूप में वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए 41.2187 हेक्टेयर प्रस्तावित किया गया है, तथा औद्योगिक क्षेत्र के लिए 77.879 हेक्टेयर भूमि का प्रावधान किया गया है परंतु इन दोनों ही प्रावधानों का स्पष्ट लेखा जोखा तथा अनापत्तियों को प्राप्त करने के लिए इस प्रारूप में कोई उल्लेख नहीं है और न यह प्रारूप आज दिनांक तक अधिसूचित किया गया है जिस कारण और निवेशकों में असमंजस की स्थिति है और वह निवेश करने से कतरा रहे हैं।

तत्कालीन कलेक्टर आदित्य सिंह लिख चुके हैं पत्र

अशोकनगर जिले के तत्कालीन कलेक्टर आदित्य सिंह के द्वारा आयुक्त सह-संचालक नगर तथा ग्राम निवेश मध्यप्रदेश शासन भोपाल को दिनांक 25.7.2025 में पत्र क्रमांक 343 लिखकर यह स्पष्ट किया था कि, चंदेरी की विकास योजना प्रारूप जो 2001 में तैयार किया गया था और जिसका अभी तक संशोधित प्रारूप अधिसूचित नहीं हुआ है, जिस कारण चंदेरी विकास योजना 2001 में अधिकांश क्षेत्र का भूमि उपयोग कृषि वनक्षेत्र प्रस्तावित है एवं कृषि उपयोग में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य स्वीकृत नहीं है जिस कारण भूमि आवंटन एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में समस्या उत्पन्न हो रही है,अतः चंदेरी विकास योजना 2001 का पुनर्विलोकन कर नवीन विकास योजना प्रस्तावित करने हेतु आग्रह किया गया था परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

31.7.2026 को कलेक्टर अशोकनगर कार्यालय द्वारा संयुक्त कलेक्टर के हस्ताक्षर से पत्र क्रमांक 915 जारी कर चंदेरी तहसील के ग्राम सिंहपुर लाल की भूमियों के सीमांकन तथा सीमा लाइन निर्धारण करने के लिए एक 10 सदस्य कमेटी का गठन किया गया था जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चंदेरी के साथ अनुविभागीय अधिकारी वन विभाग तथा तहसीलदार चन्देरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी चंदेरी एवं राजस्व निरीक्षक,पटवारी आदि शामिल किए गए थे जिनको अपनी रिपोर्ट सात दिवस के अंदर कलेक्टर अशोक नगर को प्रस्तुत करना थी परंतु इस कमेटी द्वारा भी अभी तक कोई स्पष्ट अनुशंसाएं कलेक्टर अशोकनगर को प्रस्तुत नहीं की गई है।

इनका कहना है

चंदेरी क्षेत्र में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग जिला गुना द्वारा पूर्व में दो या तीन अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं में प्रोफाइल देखकर उन के नाम बता पाऊंगा फिर भी यदि किसी को कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो मुझ से बात करें में उनकी शंका का समाधान करूंगा।

सावन कोचले, सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला गुना।

हमें नगर तथा ग्राम निवेश से अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है अनन्ता ग्रुप के प्रोजेक्ट को भी वन विभाग तथा राजस्व विभाग से स्वीकृति नहीं मिली है संयुक्त सीमांकन के बाद ग्रीन लाइन को लेकर समस्या अभी भी बनी हुई है कलेक्टर जिला अशोकनगर द्वारा संयुक्त दल का गठन किया गया है किंतु समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है।

नीरज कांसल, व्यवसायी जिला अशोकनगर।

जिले में अलग-अलग घटनाओं में तीन युवकों की मौत

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में अलग अलग घटनाओं में 3 लोगों की मौत हो गई, पुलिस ने तीनों घटनाओं में मर्ग के मामले दर्ज किए हैं मामले की जांच की जा रही हैं। पहली घटना शहर की बुद्धबिहार कॉलोनी में हुई यहां 25 वर्षीय युवक का शव घर से स्कूल के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है, मृतक के शरीर पर खरोंच और घिसटने के निशान हैं, मृतक की पहचान सौरभ पुत्र महेश अहिरवार के रूप में की गई है। घर के लोगों का कहना है कि सौरभ रात के 9.30 बजे घर से बाहर निकला था उसके बाद उसका शव पड़ा पाया गया। पुलिस मामल की जांच कर रही है। दूसरी घटना अशोकगर शहर के मातामढ़ मोहल्ला की है इस घटना में मकान का निर्माण करने के दौरान करंट लगने से 32 वर्षीय मजदूर सुरेश पुत्र कल्लू की मौत हो गई। जिस मकान पर मृतक काम कर रहा था, उसके ऊपर से 33केव्ही बिजली की लाइन गुजर रही थी। हादसे के बाद युवक को जिला अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। वुधवार को मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। तीसरी घटना शहर के माता मंदिर के समीप से निकली रेल लाईन पर हुई, यहां एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान सोनू अहिरवार, पुत्र जगन्नाथ अहिरवार के रूप में की गई है वह शंकर कॉलोनी का निवासी था। घटना के दौरान मृतक का शव दो टुकड़ों में बट गया था, यहां यह भी बताया जा रहा है कि पारिवारिक कलह के चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

दिल्ली दरवाजा से लक्ष्मण मंदिर मार्ग पर नपा के टेंडर से लगी रेलिंग में घटिया निर्माण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

नगर पालिका परिषद चंदेरी द्वारा शहर के विकास और सौंदर्यकरण के लिए विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं,लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते कई निर्माण कार्य गुणवत्ता के पैमाने पर खरे नहीं उतर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला दिल्ली दरवाजा चैराहे से लक्ष्मण मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर सामने आया है,जहाँ लाखों रुपये की लागत से लगाई गई रेलिंग और उसके नीचे बनाए गए सीमेंट पिलर्स की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सीमेंट की जगह थ्रेसर की डस्ट का बेजा इस्तेमाल जानकारी के अनुसार, नगर पालिका के टेंडर के माध्यम से एक ठेकेदार द्वारा उक्त मार्ग के दोनों ओर रेलिंग लगवाई गई है। रेलिंग को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से जमीन पर सीमेंट के पिलर तैयार किए गए थे। आरोप है कि इन पिलर्स के निर्माण में तय मानकों और गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया। निर्माण कार्य में सीमेंट की मात्रा नाममात्र की और सबसे अधिक थ्रेसर की डस्ट का उपयोग किया गया है, ताकि केवल रंगत से सीमेंट की अधिकता दिखाई दे सके।



जगह-जगह आने लगी पिलरो में दरार

घटिया सामग्री के उपयोग का नतीजा यह है कि निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही पिलर जगह-जगह से क्षतिग्रस्त और जर्जर होने दरार आने लगी हैं। पिलर्स में अपेक्षित मजबूती और टिकाऊपन का पूरी तरह अभाव है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो कुछ ही दिनों में यह रेलिंग और पिलर पूरी तरह उखड़ कर धराशायी हो जाएंगे। निर्माण कार्य में केवल पिलर्स ही नहीं, बल्कि लगाई गई रेलिंग की फिटिंग में भी भारी लापरवाही बरती गई है। ठेकेदार द्वारा रेलिंग को सीधी और व्यवस्थित लगाने के बजाय टेढ़ा-मेढ़ा अड़ा-तिरछा लगा दिया गया है, जिससे पूरे मार्ग पर सुंदरता के बजाय बदरंग तस्वीर नजर आ रही है और कार्य में साफ-सुथरापन पूरी तरह गायब है। जिम्मेदार अधिकारी का पक्ष इस पूरे मामले को लेकर जब नगर पालिका के प्रभारी इंजीनियर कपिल रघुवंशी से फोन पर चर्चा की, तो उनके द्वारा मामले से अनभिज्ञता जताते हुए कहा गया। आपके द्वारा यह मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है, मैं इसे दिखवाता हूँ और उचित कार्रवाई की जाएगी।

राम के राज्याभिषेक पर खुशियां मनाई गईं, कलाकारों को पुरस्कार किए गए प्रदान

रामलीला में राम के तरकश से निकले तीर ने रावण का किया वध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा की जा रही रामलीला के अंतिम दिन रावण वध का मंचन दिखाया गया। जहां राम के तरकस से निकले तीर ने रावण का अंत कर दिया। इस मौके पर राम के राज्याभिषेक का सुंदर मंचन दिखाया गया। आयोध्या में खुशियां मनाई गईं। राम के राज्याभिषेक के साथ पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक हरीबाबू राय, एवं उनके साथियों द्वारा रामायणजी और राम लक्ष्मण की आरती की गई और राम के राज्याभिषेक के बाद कलाकारों को सम्मान स्वरूप पुरूस्कार प्रदान किए।

राम-रावण के भीषण युद्ध के बाद हुआ रावण वध

अंतिम दिन की लीला में सर्वप्रथम रावण को अपने पुत्र अहिरावण की मृत्यु का समाचार मिलता है। पुत्र की मृत्यु से दुखी रावण स्वयं युद्धभूमि में जाने का निर्णय लेता है। इसके बाद भगवान श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध होता है। भगवान श्रीराम बार-बार रावण पर प्रहार करते हैं, लेकिन रावण का अंत नहीं होता। तब विभीषण भगवान श्रीराम को बताते हैं कि रावण की नाभि में अमृत है। इसके बाद भगवान श्रीराम रावण की नाभि पर बाण चलाकर अमृत को सुखा देते हैं और रावण का वध कर देते हैं। रावण के अंतिम समय का दृश्य दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। भगवान श्रीराम लक्ष्मण जी को रावण से ज्ञान प्राप्त करने के लिए उसके पास भेजते हैं। रावण लक्ष्मण जी को जीवन की महत्वपूर्ण सीख देते हुए कहता है कि अच्छे कार्य को जितना जल्दी हो सके, उतनी जल्दी कर लेना चाहिए और बुरे कार्य को जितना संभव हो, उतना टालना चाहिए। इस संदेश के साथ रावण भगवान श्रीराम का स्मरण करते हुए अपने प्राण त्याग देता है।

रावण वध के पश्चात भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की भव्य लीला का मंचन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम का राजतिलक हुआ, जिसमें उपस्थित अतिथियों ने भाग लिया। राज्याभिषेक के दृश्य ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात लगातार 15 दिनों तक रामलीला में विभिन्न पात्रों का अभिनय करने वाले कलाकारों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। विधायक हरिबाबू राय एवं जितेंद्र कोठारी की ओर से कलाकारों को पुरस्कार वितरित किए गए। वहीं अतिथि के रूप में अशोकनगर एसडीओपी एवं अशोकनगर टीआई भी उपस्थित रहे। श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल के अध्यक्ष राव यादवेंद्र सिंह यादव, सत्येंद्र शीतल कलावत, सुधीर शर्मा एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी को पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार वितरण के साथ ही श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल की 15 दिवसीय रामलीला का विधिवत समापन हुआ।





इन कलाकारों ने निभाईं प्रमुख भूमिकाएं

रामलीला में भगवान श्रीराम की भूमिका आर्यन शर्मा, लक्ष्मण की सुमित श्रीवास्तव, सीता की अभिषेक शर्मा, हनुमान जी की सत्येंद्र रघुवंशी, रावण की प्रदीप चैधरी, सुग्रीव की शिव कुमार शर्मा, अंगद की रामकुमार, विभीषण की वीर सिंह जाट तथा जामवंत की भूमिका सतीश शर्मा ने निभाई। वानर सेना के पात्रों में धैर्य शर्मा, वेदांत शर्मा, कनिष्का शर्मा एवं आदित्य शर्मा ने अभिनय किया। कथा वाचन एवं सुंदर चैपाइयों का गायन कथावाचक चंद्रमोहन मिश्रा ने अपने मुखारविंद से किया। संगीत पक्ष में राकेश पाठक ने मधुर संगीत प्रस्तुत किया, जबकि तबले पर लाला पटेल ने संगत दी। संगीत निर्देशन कैलाश श्रीवास्तव एवं उपेंद्र पाराशर द्वारा किया गया। वहीं, नृत्य की प्रस्तुतियां रुमाल सिंह चंदेल, अमित चंदेल, निक्की सिंघई, आलोक शर्मा, संजू एवं उनके साथियों द्वारा दी गईं। मंच पर आकर्षक दृश्य तैयार करने की जिम्मेदारी सीनरी डायरेक्टर श्रीनारायण बोहरे एवं शिवनारायण ओझा ने संभाली। वहीं, कलाकारों का मेकअप मेकअप डायरेक्टर मुकेश सोनी, अभिषेक शर्मा एवं सौरभ सिंघई द्वारा किया गया।

समिति पदाधिकारियों ने संभाली व्यवस्थाएं

कार्यक्रम के दौरान रामलीला समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद जैन ने अतिथियों का अभिवादन किया। समिति के सचिव रजनीश सिंघई ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि निर्देशक निक्की सिंघई ने मंच व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली। समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया।